उज्जैन
शुक्रवार
03
मई, 2024
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-10
अंक-179
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र


य: सम: सर्वभूतेषु विरागी गतमत्सर:।
जितेन्द्रिय: शुचिर्दक्ष: सदाचार समन्वित:॥
अर्थ: गुरु सब प्राणियों के प्रति वीतराग और मत्सर से रहित होते हैं। वे जीतेन्द्रिय, पवित्र, दक्ष और सदाचारी होते हैं।

## उज्जैन की श्रुति काला की पंचकोशी यात्रा के अवसर पर अद्भुत चित्रकारी

# चंदन की माला के मोतियों पर बनाए 84 महादेव

## 12 ज्योतिर्लिंग व अष्टविनायक सहित शिव परिवार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर की उभरती चित्रकार श्रुति काला ने 108 चंदन की माला पर 84 महादेव के साथ ही 12 ज्योतिर्लिंग, भगवान गणेश जी के आठ स्वरूप एवं शिव परिवार का अद्भुत चित्रण किया है। ध्यान रहे कि हर वर्ष पंचकोशी यात्रा उज्जैन में होती है, जिसका बहुत धार्मिक महत्व है। चित्रकार श्रुति काला ने दैनिक ब्रह्मास्त्र को एक विशेष मुलाकात में बताया कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि पंचकोशी यात्रा आज 3 मई से शुरू हुई और आज ही 108 मोतियों की माला पर 2 दिन की कड़ी मेहनत के बाद 84 महादेव, अष्ट विनायक सहित 12 ज्योतिर्लिंग सहित शिव परिवार का चित्रण कर सकी हूं। यह महादेव की ही मुझ पर कृपा है। श्रुति ने बताया कि वह अपनी इस अद्भुत कला को वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहती हैं। इसके लिए उन्होंने आवेदन भी प्रस्तुत कर दिया है, जिसका अप्रूवल बहुत ही जल्द आने वाला है।

### वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाने के लिए दिया आवेदन



### दैनिक ब्रह्मास्त्र से विशेष मुलाकात में कहा- माता-पिता, गुरु व उज्जैन का नाम करना चाहती हूं रोशन

### मोतियों पर वाटर कलर से बनाए चित्र

श्रुति ने बताया कि यह चित्र मैंने वाटर कलर से बनाए हैं। मैंने यह चित्र इसलिए बनाए हैं ताकि मैं अपने माता-पिता, गुरु तथा शहर का नाम रोशन कर सकूं और वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवा सकूं। मुझे बहुत बड़ी आर्टिस्ट बनना है। श्रुति ने बताया कि जैसा कि आप लोग सब जानते हैं कि पंचकोशी यात्रा शुरू हो चुकी है और इसमें श्रद्धालु 84 महादेव के भी दर्शन करते हैं। इसलिए मैंने 84 महादेव, अष्टविनायक तथा शिव परिवार को मोतियों में बनाया है।

### 84 महादेव के चित्र एक साथ मिलने में आई दिक्कत

श्रुति ने बताया कि पहले उन्होंने 30 महादेव बना लिए, लेकिन फिर दिक्कत यह आई कि 84 महादेव का फोटो एक साथ नहीं मिल रहा था। परंतु, बाबा की कृपा से वह फोटो भी मिल गया और मुझे बनाने में आसानी हुई।

### छोटे-छोटे मोतियों पर चित्र बनाने से लोग आश्चर्यचकित

लोग बहुत आश्चर्यचकित रह गए कि मात्र 2 दिन में छोटे-छोटे मोतियों पर इतने चित्र बना लिए। छोटे से मोती पर इतना सब कुछ बनाना मेरे लिए भी यह एक बड़ी बात है। मैं पहले बनाने में बहुत डर रही थी, लेकिन मेरे गुरु ने कहा कि तुम बना लोगी। तो मैंने कोशिश शुरू की और रिजल्ट मेरे सामने है कि मोती पर इतने अच्छे चित्र बन कर आए।

### उज्जैन के आर्ट कॉलेज में बीएफए कर रही श्रुति

गौरतलब है कि चित्रकार श्रुति भारत की कई प्रसिद्ध आर्ट गैलरी में अपना एग्जिबिशन लगा चुकी हैं। राजस्थान जयपुर का जवाहर कला केंद्र, इंदौर के गांधी हॉल सहित कई प्रदर्शनियां वह आयोजित कर चुकी हैं। मुंबई के ताज होटल में जल्द ही उनकी प्रदर्शनी लगने वाली है। पेंटिंग में उज्जैन के अलावा इंदौर के प्रतिष्ठित मंचों पर लाइव पेंटिंग की मनोहारी प्रस्तुतियां भी वे दे चुकी हैं। श्रुति अभी उज्जैन के शिप्रा स्थित आर्ट कॉलेज में बीएफए फोर्थ ईयर की विद्यार्थी हैं।

## राहुल गांधी रायबरेली से लड़ेंगे चुनाव, अमेठी से किशोरी लाल उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस ने अमेठी से किशोरी लाल शर्मा और रायबरेली से राहुल गांधी को चुनावी मैदान में उतारा है। लंबे समय से इन सीटों को लेकर सस्पेंस बना हुआ था। राहुल गांधी केरल के वायनाड से भी चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, केएल शर्मा गांधी परिवार के करीबी बताए जाते हैं। कांग्रेस ने शुक्रवार को दो उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की। इस नई लिस्ट में कांग्रेस ने अमेठी से केएल शर्मा और रायबरेली से राहुल गांधी को अपना प्रत्याशी घोषित किया।



## त्रिपुरा सरकार ने पेट्रोल और डीजल की खरीद-बिक्री पर लिमिट तय कर दी

**नई दिल्ली।** त्रिपुरा में मालगाड़ियों का आवागमन बाधित हुआ है, ऐसे में राज्य में ईंधन के स्टोरेज भी खाली हो गए हैं। इसका सीधा असर आम आदमी पर पड़ रहा है। ईंधन की कमी की वजह से पेट्रोल डीजल की बिक्री पर भी लिमिट लगाई गई है। राज्य सरकार ने निर्देश जारी किए हैं कि राज्य में दो पहिया वाहन सिर्फ 200 रुपये का और चार पहिया वाहन 500 रुपये से तक का ही पेट्रोल खरीद सकेंगे। जानकारी के मुताबिक असम के जतिंगा में बड़े स्तर पर हुए भूस्खलन की वजह से ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इस भूस्खलन की वजह से मालगाड़ी भी तय स्थान तक नहीं पहुंच पा रही हैं।

## पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर लगा यौन उत्पीड़न का आरोप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है। राजभवन की महिला कर्मचारी ने उनपर ये आरोप लगाया है। राज्यपाल पर यह आरोप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुरुवार रात कोलकाता के राजभवन में रुकने से पहले लगा है। महिला ने हरे स्ट्रीट थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि वो 24 मार्च को स्थायी नौकरी का निवेदन लेकर राज्यपाल के पास गई थी।



## नाबालिग के प्राइवेट पार्ट में प्रेशर गन डालकर चालू किया, फट गई आंते

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित हुसैनगंज क्षेत्र में दिल-दहलाने वाला घटनाक्रम सामने आया है। यहां उदयगंज स्थित हुंडई सर्विस सेंटर में 16 वर्षीय नाबालिग के हाथ-पैर हाथ बांधकर उसके प्राइवेट पार्ट में प्रेशर गन डालकर चालू कर दिया। प्रेशर गन के चलते ही नाबालिग की आंते फट गई। युवक को गंभीर अहलात में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां पर नाबालिग की हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित के भाई ने मामले की शिकायत हुस्सैनगंज थाना में की है। परिजनों ने लिखित शिकायत देते हुए कहा कि 16 वर्षीय नाबालिग विवेक (परिवर्तित नाम) पिछले दो माह से सर्विस सेंटर में काम कर रहा है।

## जीतू पटवारी बोले-

# इमरती जी का रस खत्म हो गया

## चाशनी नहीं बची

सिंधिया बोले- यह पूरी कांग्रेस की मानसिकता है, वीडियो आने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दी सफाई - इमरती जी मेरी बड़ी बहन जैसी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का एक वीडियो सामने आया है। इसमें पूर्व मंत्री इमरती देवी को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में जीतू हंसते हुए कह रहे हैं- देखो ऐसा है, अब इमारती जी का रस खत्म हो गया है, जो अंदर चाशनी होती है, उनके लिए अब मैं कुछ बात नहीं कर रहा। इस वीडियो के बाद जीतू ने ट्वीट कर इमरती को अपनी बड़ी बहन जैसी कहा।

- **इमरती देवी बोली- पटवारी पर करवाऊंगी एफआईआर-** वहीं, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और भाजपा प्रवक्ता ने पलटवार किया। वहीं, इमरती देवी ने कहा, जीतू पटवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएंगी। जीतू का 16 सेकेंड का ये वीडियो ग्वालियर का बताया जा रहा है। फिलहाल इस मामले में भाजपा हमलावर है। भाजपा का कहना है कि महिलाओं के प्रति जीतू पटवारी में पहले भी कभी सम्मान नहीं रहा।
- **इन्हें किसने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बना दिया-** भाजपा प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने ट्वीट किया कि किसने इन्हें मध्यप्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया। पूर्व मंत्री इमरती देवी के बारे में इनकी टिप्पणी सुनिये, रस और चाशनी खत्म हो गई है उनकी।
- **इसके पहले भी महिलाओं को लेकर दिये गये इनके बयान-** महिलाओं के बीच जाकर कहते हैं कि चुनाव के समय महिलाएँ पैसे लेकर पोलके में रख लेती है। किसान आंदोलन के समय किसानों से अरे अई जाओ रे तम्हारी जीजी की।
- महिलाओं के प्रति ऐसी सोच वाले नेता को पार्टी ने प्रमुख पद पर बैठा रखा है। कहाँ है लड़की हूँ – लड़ सकती हूँ का नारा देने वाली प्रियंका गांधी....? चुनाव आयोग संज्ञान लेकर एक महिला नेता इमरती देवी जी के ऊपर की गई जीतू पटवारी की इस टिप्पणी पर उन पर कड़ी कार्रवाई करे। कांग्रेस नेतृत्व इस टिप्पणी पर माँफी माँगे। सही में ये पार्टी को तेल लेने भेज कर रहेंगे।

## देवास जिले में प्रभारी आरटीओ के रूप में सदस्य

# मंदसौर आरटीओ वीरेंद्र सिंह यादव रहते हैं अक्सर अनुपस्थि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ देवास

देवास जिले के नागरिक देवास आरटीओ कार्यालय में जब किसी कार्य के लिए जाते हैं तो आरटीओ वीरेंद्र सिंह यादव की अनुपस्थिति के कारण हताश होकर लौट आते हैं नागरिकों के आरटीओ से संबंधित कई कार्य जिसमें प्रमुख रूप से ड्राइविंग लाइसेंस वाहन फिटनेस सर्टिफिकेट, वाहनों का पंजीयन, अस्थाई एवं स्थाई परमिट जारी करना, वाहनों का ट्रांसफर आदि कई कार्य आरटीओ की अनुपस्थिति से समय पर पूर्ण नहीं हो पा रहे हैं और लोगों को देवास आरटीओ दफ्तर के चक्कर




काटना पड़ रहे हैं आरटीओ की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर दलाल एवं बिचौलिया देवास आरटीओ विभाग में पूरी तरह से सक्रिय हो गए हैं और नागरिकों को मजबूर होकर इनके पास जाना पड़ रहा है और कई गुना अधिक पैसे रिश्वत के रूप में इन्हें देना पड़ रहे हैं।

आरटीओ वीरेंद्र सिंह यादव की अनुपस्थिति का मुख्य कारण है कि शासन द्वारा राजस्थान सीमा पर स्थित मंदसौर जिले के आरटीओ वीरेंद्र सिंह यादव को देवास का प्रभारी आरटीओ बना दिया गया है और मंदसौर और देवास के बीच की दूरी करीब एक तरफ से करीब ढाई सौ किलोमीटर है, इस कारण मंदसौर आरटीओ वीरेंद्र सिंह यादव देवास नहीं पहुंच पाते हैं। नागरिकों का कहना है कि देवास के आसपास लगे हुए कई जिले हैं जो की देवास से मात्र 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जिनमें इंदौर एवं उज्जैन जिले के अलावा हरदा, सीहोर, शाजापुर, खरगोन एवं खंडवा जिला है, इन पास के जिलों का आरटीओ को देवास के प्रभारी आरटीओ के रूप में पदस्थ किया जा सकता है परंतु शासन ने करीब ढाई सौ किलोमीटर दूर राजस्थान बॉर्डर पर स्थित मंदसौर आरटीओ वीरेन सिंह यादव को देवास का आरटीओ क्यों पदस्थ किया है। यह नागरिकों की समझ से परे हैं।

### बिना रजिस्ट्रेशन के डंपर एवं कमर्शियल वाहन भी बेधड़क घूम रहे

देवास आरटीओ विभाग के कर्मचारी एवं दलालों की मिली भगत से बिना टेस्ट के ही ड्राइविंग लाइसेंस अनफिट एवं एक्सेस बॉडी वाहन को फिटनेस सर्टिफिकेट प्रदान किया जा रहे हैं जिसके लिए नागरिकों से भारी रिश्वत वसूली जा रही है। इसके अलावा देवास जिले में बिना रजिस्ट्रेशन के डंपर एवं कमर्शियल छोटे बड़े वाहन भी बेधड़क घूम रहे हैं जिन पर देवास आरटीओ विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

## खबर एक नजर...

### कक्षा 10 वीं के छात्र ने जहर खाकर दी जान

**उज्जैन।** कक्षा 10 वीं की परीक्षा देने वाले छात्र शुभम पिता गोकुल परमार 17 वर्ष को बुधवार शाम जहर खाने के बाद परिजन उपचार के लिये महिदपुर के बिनपुरा से उज्जैन लेकर आये थे। निजी अस्पताल में उसे उपचार के लिये र्ती किया गया था। जहां बुधवार-गुरुवार रात मौत हो गई। सुबह माधवनगर पुलिस पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लेकर आई। परिजनों ने बताया कि शुभम कक्षा 10 वीं में पास हुआ था। स्कूल की छुट्टी लग चुकी थी। वह किसी तनाव में भी नहीं था। उसने जहर क्यों खाया इसका पता नहीं है। माधवनगर पुलिस का कहना था कि मामला महिदपुर थाना क्षेत्र का है। मर्ग डायरी भेजी जाएगी। एक अन्य मामले में तपोभूमि के चौकीदार पीरुलाल पिता भैराजी 60 वर्ष की भी जहर खाने से मौत हुई है। परिजनों ने बताया कि निनौरा के रहने वाले थे। चौकीदारी के चलते तपोभूमि मंदिर में रहते थे। घर काफी कम आते थे। जहर खाने के बाद पुत्र मनोज को कॉल किया था। नानाखेड़ा पुलिस का कहना था कि मामले में जांच शुरू की गई है। संभवतः आर्थिक परेशानी के चलते आत्मघाती कदम उठाया है।

### विवाह समारोह से लिफाफे और ज्वेलरी का बेग चोरी

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र के इंदौररोड पर होटल इंपीरियल के गार्डन में आयोजित लड्ढा परिवार के विवाह समारोह में रात 11 बजे के लगभग स्टेज पर दुल्हा-दुल्हन को मिलने वाले उपचार स्वरूप लिफाफो के साथ ज्वेलरी रख पर्स गायब हो गया। पर्स दुल्हे की बहन का था। जिसके गायब होने पर वहां लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये तो उसमें एक युवक मंच के पीछे रास्ते से आता दिखाई और बेग लेकर पीछे के रास्ते से ही भाग निकला। लड्ढा परिवार द्वारा मामले की सूचना पुलिस का दी है। शहर में लगातार विवाह समारोह के दौरान लिफाफे और आभूषण के बेग चोरी होने के मामले सामने आ रहे है। बदमाशों के फुटेज भी मिल रहे है, लेकिन बदमाशों का सुराग नहीं मिल पा रहा है। मार्च माह में कर्नाटक की पुलिस उज्जैन रेलवे स्टेशन से ऐसे ही गिरोह का पकड़ा था। जिनसे कर्नाटक पुलिस करीब 3 करोड़ का माल बरामद कर ले गई थी। लेकिन उज्जैन पुलिस को राजगढ़ पहुंचकर दबिश देने के बाद भी कुछ हासिल नहीं कर पाई थी।

### सहायक आयुक्त सहकारिता को 1.15 लाख घूस लेते पकड़ा

**उज्जैन।** उज्जैन लोकायुक्त ने गुरुवार दोपहर शाजापुर के सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त आरसी जरिया को कार्यालय में एक लाख 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया। लोकायुक्त डीएसपी राजेश पाठक और सुनील तालान ने बताया, ग्राम दासताखेड़ी की गेहूं उपार्जन समिति के प्रबंधक हरिदास वैष्णव ने 30 अप्रैल को शिकायत की थी कि सहायक आयुक्त आरसी जरिया द्वारा एक रुपए प्रति क्विंटल की दर से सोसायटियों के प्रबंधकों से रिश्वत की मांग की जा रही है। जरिया ने दासताखेड़ी समिति से 50 हजार, गोदना समिति से 16 हजार, केवड़ा खेड़ी समिति से 21 हजार, मंगलाज समिति से 9 हजार और नोलाय समिति से 19 हजार सहित कुल 1 लाख 15 हजार रुपए की डिमांड की थी। गुरुवार को लोकायुक्त दल ने समिति प्रबंधक वैष्णव को केमिकल लगे नोट देकर भेजा। जरिया के रिश्वत लेते ही लोकायुक्त टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई पूरी होने के बाद उसे लिखित सहमति के आधार पर छोड़ दिया गया।

# चुनाव के दौरान मजदूरों की पूछपरख नहीं



## इसलिए नहीं है मजदूरों का टोटा.. सराय पर काम की तलाश में सुबह से भीड़...



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लोकसभा चुनाव के ऐन वक्त पर भी शहर में मजदूरों का टोटा नहीं है क्योंकि चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा मजदूरों की पूछपरख नहीं की जा रही है लिहाजा सुबह से ही काम की तलाश में सरायों पर मजदूरों की भीड़ जुट रही है वहीं ठेकेदारों का कहना है कि उन्हें मजदूरों के मिलने के संबंध में किसी तरहसे परेशानी नहीं हो रही है।

दरअसल लोकसभा चुनाव के मतदान में भले ही अब दस दिन भी शेष नहीं रह गए है वहीं जिस तरह से चुनाव प्रचार चरम पर होना चाहिए था वह भी नहीं दिखाई दे रहा है। हालांकि प्रमुख राजनीतिक दल बीजेपी और कांग्रेस के उम्मीदवारों द्वारा अपने समर्थकों के साथ चुनाव प्रचार जरूर किया जा रहा है वहीं मतदाताओं से भी संपर्क करने का सिलसिला जारी है लेकिन झंडे बैनर उठाने वाले मजदूरों की पूछपरख नहीं है अर्थात इन्हें काम देने के लिए बुलाया तो जा रहा है लेकिन इतनी संख्या में नहीं कि शहर में मजदूर सरायों पर नजर ही नहीं आए।

### मजदूरों की कहानी मजदूरों की जुबानी....

चर्चा में मजदूरों ने बताया कि पिछले विधानसभा चुनाव में जो जोर दिखाई दे रहा था वह अभी नहीं दिखाई दे रहा है। इसलिए हमें भी कोई बुलाने नहीं आ रहा है। श्रमिक घीसालाल का कहना है कि विधानसभा चुनाव में ही यह स्थिति थी कि सुबह से ही हमें बुलावा आ जाता था और मजदूरी भी दिनभर की उतनी ही मिलती थी जितनी हमें किसी काम करने के बदले मिलती है। इसके अलावा खाने पीने की चिंता भी नहीं होती थी क्योंकि जो राजनीतिक दल हमें सुबह से बुलाकर ले जाते थे वे ही हमारे नाश्ते, चाय और भोजन तक की भी व्यवस्था करते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। गौरतलब है कि उज्जैन शहर में घासमंडी चौराहा और छत्री चौक ऐसे क्षेत्र है जिन्हें मजदूरों की सराय कहते है और यहां सुबह 7 बजे से ही मजदूर काम की तलाश में पहुंच जाते है। मजदूरों ने बताया कि वैसे काम तो मिल ही रहा है लेकिन यदि चुनाव में हमें बैनर झंडे उठाने के लिए बुला लेते तो हमें मेहनत भी ज्यादा नहीं करना पड़ती और न ही मजदूरी मिलने की चिंता रहती क्योंकि जो मजदूरी हमें ठेकेदार या अन्य लोग जो काम के लिए हमें ले जाते है वे हमारी दिहाड़ी में कमी करते ही है। मान लो एक दिन का यदि तीन सौ रुपए मांगे जाते है तो दो सौ या ढाई सौ रुपए तक ही दिए जाते है। इसके अलावा खाने का बंदोबस्त करके घर से लाना पड़ता है।

# कस्टडी में हुई थी चोरी करने वाले व्यक्ति की मौत

## पुत्र बोला आर्थिक तंगी के चलते पिता करने लगे थे अपराध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ज्यूपिटर की डिक्की से 2 लाख चोरी करने वाले व्यक्ति की मौत होने के बाद गुरुवार सुबह पुलिस ने डॉक्टरों की पैनल से मजिस्ट्रियल जांच के बीच पोस्टमार्टम कराया। मृतक के पुत्र ने बताया कि आर्थिक परेशानी के चलते पिता अपराध करने लगे थे। पिता की मानसिक स्थिति बिगड़ चुकी थी।

उद्यन मार्ग पर रहने वाले आईस्क्रीम डिस्टीब्यूटर राधेश्याम कुमरावत की ज्यूपिटर की डिक्की तोड़कर 2 लाख रुपए चोरी करने वाले व्यक्ति राधेश्याम शर्मा 60 वर्ष निवासी तुलसीनगर इंदौर की बुधवार को पुलिस कस्टडी में मौत हो गई थी। उसे घबहराट होने के बाद माधवनगर अस्पताल ले जाया गया था। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत होना सामने आया था। देर रात पुलिस ने मौत की पुष्टि करते हुए बताया था कि उससे 1 लाख 15 हजार रुपए बरामद करने के साथ एक्टिवा जप्त की गई। उसका बीपी हाई हो गया था वह उल्टियां कर रहा था और घबराहट होने की बात कह रहा था। एएसपी गुरुप्रसाद पाराशर ने यह भी बाताया था कि उसकी तबीयत उज्जैन लाते वक्त रास्ते में बिगड़ी थी। परिजनों को पुलिस कस्टडी में राधेश्याम की मौत होने की खबर मिली तो उज्जैन पहुंचे। एसपी प्रदीप शर्मा ने मामले में मजिस्ट्रियल जांच के साथ डॉक्टरों की पैनल से पोस्टमार्टम कराने की बात कहीं। जिला अस्पताल में सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान पैनल में डॉ. कपिल वर्मा, डॉ. मोहन पंडित और ड्युटी डॉ. अदिति शामिल रहे। इंदौर से आये पुत्र मनोज शर्मा ने बताया कि पिता प्रापर्टी का काम करते थे। उसके बाद घर से साड़ी का कारोबार शुरू किया गया था। अटैक आने के बाद काम बंद कर दिया था। उनकी दिमागी हालत खराब हो गई थी। वह चोरी जैसा अपराध करने लगे थे। इंदौर में दो बार पुलिस ने पकड़ा था। पुत्र को माधवनगर पुलिस पूरी तरह से घेरे हुई थी और मीडिया से बचाने का प्रयास कर रही थी। जिला अस्पताल में सीएसपी दीपका शिंदे, टीआई राकेश भारती, एसआई पवन वास्कले सहित पुलिस बल मौजूद था।





### गिरफ्तार करने वाला पुलिसकर्मी अस्पताल में भर्ती

बताया जा रहा है कि इंदौर से राधेश्याम शर्मा को गिरफ्तार क्राइम टीम के साथ उज्जैन लाने वाले पुलिसकर्मी को मौत की खबर पता चली तो उसकी तबीयत भी बिगड़ गई थी। उसे रात में उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूरे मामले को लेकर पुलिस पहले ही सवालों के घेरे में आ चुकी थी। वहीं पुलिसकर्मी की तबीयत बिगड़ने पर विभाग में दबी जुबान कई तरह की चर्चा होने लगी। यह जानकारी भी सामने आई है कि हिरासत में आये राधेश्याम की मौत अस्पताल पहुंचने के बाद ही हो गई थी, लेकिन उसे वेंटिलेटर पर रख हालत गंभीर होना बताया जा रहा था। मीडिया खबर मिलने पर अस्पताल पहुंच गई थी। उसके बाद पुलिस ने रात 11 बजे मौत की पुष्टि की।

# तीन युवकों ने किया 17 साल की किशोरी के साथ दुष्कर्म

## खेत से अगवा कर ले गये थे, आरोपियों की तलाश में दबिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

17 साल की किशोरी के साथ तीन युवकों द्वारा गैंगरेप किये जाने का सनसनीखेज मामला गुरुवार को सामने आया। किशोरी को बुधवार दोपहर खेत से तीन युवक बाइक पर उठाकर ले गये थे। तीनों की तलाश में पुलिस द्वारा दबिश दी जा रही है।

मामला माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम भगतपुर का है। 17 साल की किशोरी बुधवार दोपहर को पिता के साथ खेत पर गई थी। जहां खेत से पत्थर बीनने का काम कर रही थी। पिता खेत के दूसरे छोर पर थे। उसी दौरान गांव का रहने वाला दिनेश उर्फ भूरा अपने दो साथियों के साथ पहुंचा। किशोरी उसे पहचानती थी, वह सामाज का ही था। उसने किशोरी को जबरदस्ती बाइक पर बैठाया और अपने साथ जंगल की ओर ले गया। किशोरी खेत में नजर नहीं आई तो पिता ने उसकी तलाश शुरू की। देर शाम तक पता नहीं चलने पर मामले से पुलिस को अवगत कराया गया। नाबालिग होने पर पुलिस ने धारा 363 अपहरण का प्रकरण दर्ज किया। रात में किशोरी बदहवास हालत में घर पहुंची। उसने अपने साथ हुई घटना परिजनों को बताई। पिता उसे थाने लेकर पहुंचे। पुलिस ने किशोरी के साथ तीन युवकों द्वारा गैंगरेप किया जाना सामने आने पर तत्काल धारा 376 और पास्को एक्ट का प्रकरण दर्ज किया और आरोपियों की तलाश शुरू की। तीनों गुर्जर समाज के होकर गांव के रहने वाले दिनेश गुर्जर, गांविंद गुर्जर और विनोद होना सामने आये है। टीआई रामकुमार कोरी ने तीनों की गिरफ्तारी के लिये एक टीम बनाई है। जो गांव में आरोपियों के ठिकाने पर दबिश देकर गिरफ्तारी के प्रयास में लगी हुई है। किशोरी के साथ हुई दरिंदगी के मामले में तराना एसडीओपी भविष्य भास्कर ने बताया कि तीनों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एक टीम लगातार उनकी धरपकड के प्रयास में लगी है।

उज्जैन
शुक्रवार
03
मई, 2024

दैनिक ब्रह्मास्त्र

एकमप्यक्षरं यस्तु गुरुः शिष्ये निवेदयेत्।
पृथिव्यां नास्ति तद् द्रव्यं यद्दत्वा ह्यनृणी भवेत्॥

**अर्थः** गुरु शिष्य को जो एखाद अक्षर भी कहे, तो उसके बदले में पृथ्वी का ऐसा कोई धन नहीं, जो देकर गुरु के ऋण में से मुक्त हो सकें।

## खबर एक नजर...

### कार की टक्कर से उछली महिला, रौंदते हुए भागा चालक, केस दर्ज



**इंदौर।** लापरवाह कार चालक ने एक महिला को ऐसी टक्कर मारी कि वह दस फीट तक उछल गई। कार चालक महिला को रौंदते हुए भाग गया। कनाडिया पुलिस ने चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। घटना संचार नगर (एक्सटेंशन) की है। स्कूटर सवार उषा यशवंत कुमार शर्मा निवासी प्रशांत सागर सामान लेने बाजार जा रही थी। जैसे ही परसराम गार्डन के पास पहुंची, तेज रफ्तार में आई कार (एमपी 09डब्ल्यूई 7162) ने टक्कर मार दी। उषा शर्मा हवा में उछली और कार के बोनट से टकरा कर गिर गईं। चालक ने उषा के ऊपर से कार को रिवर्स लिया और फरार हो गया। टक्कर की आवाज सुनकर लोग दौड़े और चालक को रोकने की कोशिश की लेकिन वह भाग गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई है।

### शहर एवं जिला कांग्रेस के सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठ अध्यक्षों की बैठक आज

**इंदौर।** शहर एवं जिला कांग्रेस के सभी मोर्चा संगठन एवं प्रकोष्ठ अध्यक्षों की बैठक 3 मई को गांधी भवन कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित होगी। इंदौर शहर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि जिला एवं शहर के सभी मोर्चा संगठन एवं प्रकोष्ठ अध्यक्षों की एक बैठक 3 मई को दोपहर गांधी भवन कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित की गई है। बैठक को इंदौर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव संबोधित करेंगे। कार्यवाहक अध्यक्ष यादव ने बताया कि जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी ने लोकतंत्र एवं संविधान की हत्या की है, उसको लेकर सभी मोर्चा संगठन एवं प्रकोष्ठ अध्यक्षों को अलग-अलग जिम्मेदारियां नोटा का प्रचार- प्रसार करने हेतु दी जाएगी। अन्य मुद्दों पर भी अलग-अलग विचार विमर्श किया जाएगा।

### बड़े आंदोलन का कांग्रेस का दावा फुस्स, दरवाजे पर बैठ खिंचवाई फोटो

**इंदौर।** इंदौर के चुनावी मैदान से बेदखल होने के बाद कांग्रेस जनता के बीच जाने और बड़े आंदोलन के दावे कर रही है। हालांकि, यह सभी दावे हवाहवाई नजर आ रहे हैं। कांग्रेस किसी भी आंदोलन या विरोध प्रदर्शन के लिए अब एकजुट नजर नहीं आ रही है। मंगलवार शाम जीतू पटवारी, सज्जनसिंह वर्मा जैसे बड़े नेताओं ने पत्रकार वार्ता में कहा था कि बुधवार को कांग्रेस आंदोलन की श्रृंखला की रूपरेखा घोषित करेगी। हालांकि कांग्रेस का आंदोलन तो नहीं हुआ। मुट्ठीभर नेताओं ने गांधी भवन के दरवाजे पर बैठकर तस्वीरें खिंचवा ली और उसे विरोध आंदोलन का नाम दे दिया। बुधवार सुबह कांग्रेस के कुछ कार्यकताओं ने इंटरनेट मीडिया पर संदेश चला दिया कि लोकतंत्र की हत्या के विरोध में कांग्रेस राजवाड़ा पर शोकसभा करेगी। हालांकि शहर कांग्रेस कमेटी ने ऐसे किसी आंदोलन की घोषणा से इनकार कर दिया।

## देवी अहिल्या विवि में स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा में पकड़ाए 175 नकलची

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में नकल प्रकरण में कमी देखी गई है। स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षाओं के दौरान 175 नकलची पकड़ाए है। यह प्रकरण केंद्रों पर उड़नदस्ता दल और आब्जर्वर ने बनाए है। वैसे अधिकांश मामलों में चेकिंग के समय नकल सामग्री जब्त की गई। अब इनकी सुनवाई नकल समिति अगले महीने करेंगी।

अधिकारियों के मुताबिक कोरोनाकाल के बाद विद्यार्थियों ने पढ़ने में रूचि दिखाई है। साथ ही केंद्रों पर सख्ती बरती गई है। 5 मार्च से बीए, बीकाम, बीएससी, बीएचएससी, बीए पत्रकारिता सहित अन्य पाठ्यक्रम की अंतिम वर्ष की परीक्षा शुरू हुई, जिसमें बीए-बीएससी के पेपर 12 जून तक चलेंगे। परीक्षाओं में 60 हजार छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए है। 120 परीक्षा केंद्र बनाए थे। 65 फीसद केंद्र पर नकल रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए थे। यहां तक कि संवेदनशील केंद्र पर नजर रखने के लिए आब्जर्वर को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जबकि दस से ज्यादा उड़नदस्ते बनाए थे।




**सदस्य विद्यार्थियों की सजा तय करेंगे :** अकेले इंदौर शहर पांच उड़नदस्तों ने कालेजों का निरीक्षण किया। वहीं बाकी जिलों के केंद्रों पर एक-एक टीम ने दौरा किया। डेढ़ महीने के भीतर 170-175 नकलची विद्यार्थी पकड़ाए है। बीए में सबसे अधिक छात्र-छात्राओं ने नकल की है। बीकाम के विद्यार्थियों ने पेपर शुरू होने से पहली नकल सामग्री केंद्र पर जमा करवा दी थी। अधिकारियों के मुताबिक नकलची छात्रों के प्रकरणों की सुनवाई जल्द होगी, क्योंकि यह उनका अंतिम वर्ष है। इसके चलते समिति तुरंत निर्णय करेंगी। ताकि उन्हें पीजी में प्रवेश मिल सके। परीक्षा नियंत्रक डा. अशेष तिवारी का कहना है कि नकल प्रकरण की संख्या कम हुई है। 2020 से लेकर 2023 तक 800 से 1200 प्रकरण बनते थे। इसके पीछे दूसरा कारण यह है कि अब विद्यार्थी शिक्षा को लेकर गंभीर हो चुके है। वे कहते है कि समिति के समक्ष प्रकरण रखेंगे। जांच के दौरान नकल सामग्री के इस्तेमाल के आधार पर सदस्य विद्यार्थियों की सजा तय करेंगे।

## गर्मियों में इंदौर, उज्जैन, देवास से घर जाने वालों के लिए खुशखबरी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

गर्मी की छुट्टी लगते ही इंदौर से चलने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में लंबी वेटिंग शुरू हो गई है। जिसके चलते रतलाम मंडल ने अलग-अलग रूट के लिए चार ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। जिसमें इंदौर-हावड़ा के लिए स्पेशल ट्रेन शुरू की गई है। इस ट्रेन का फेरा हर सप्ताह बढ़ाया जा रहा है। यह स्पेशल ट्रेन शुक्रवार को एक बार फिर इंदौर से रवाना होगी।

बता दें कि इस ट्रेन को स्पेशल किराये के साथ चलाया जा रहा है। रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीणा ने बताया कि इंदौर हावड़ा स्पेशल (09335) ट्रेन शुक्रवार रात 10.30 बजे इंदौर से चलकर रविवार सुबह छह बजे हावड़ा पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में यह ट्रेन रविवार शाम 5.40 बजे चलकर मंगलवार रात 12.50 बजे इंदौर पहुंचेगी।




इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में देवास, उज्जैन, शुजालपुर, संतहिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, प्रयागराज, बनारस, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., सासाराम, डेहरीओनसोन, गया, कोडरमा, पारसनाथ, गोमो, धनबाद, आसनसोल, दुगार्पुर और बर्द्धमान स्टेशनों पर ठहराव रहेगा। इस ट्रेन में थर्ड एसी, स्लीपर और सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। हालांकि स्पेशल ट्रेन शुरू होने के बावजूद इंदौर-हावड़ा के बीच चल रही नियमित ट्रेन शिप्रा एक्सप्रेस में वेटिंग कम नहीं हो रही।

## जेपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट रोमांच से भरा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन जीपीएल 2024 के अंतिम सत्र में अटल खेल संकुल में आयोजित टूर्नामेंट में इंदौर रीजन की सभी 18 टीमों के मैच संपन्न हुए जिसमें से 6 टीम क्वार्टर फाइनल के लिए चयनित हुई फेडरेशन के मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि ग्रेटरविजयनगर ग्रुप, डायमंड ग्रुप, जीनियस ग्रुप, परवार ग्रुप, पार्श्व ग्रुप, सन्मति ग्रुप की टीम विजय हुई। इंदौर रीजन के पूरे 18 ग्रुप के सदस्यों ने इस तीन दिवसीय खेल का भरपूर आनंद एवं ग्राउंड पर अपनी सहभागिता दी। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायक ने बताया कि इंदौर रीजन के अंतर्गत 30 अप्रैल से 2 में तक खेले गए मैच में फेडरेशन में इंदौर रीजन ने अमित छाप छोड़ी। इंदौर रीजन के अध्यक्ष वितुल अजमेरा ने बताया कि पूरे 18 ग्रुपों ने इस मैच को सफल बनाने के लिए अपना पूर्ण सहयोग दिया। साथ ही इंदौर रीजन की जेपीएल कमेटी ने भी अपना तन मन से इस आयोजन में मदद की।

## आयोग बताए 11 दिन बाद वोटिंग प्रतिशत कैसे बढ़ गया : राउत

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा निर्वाचन आयोग बताए 11 दिन बाद वोटिंग प्रतिशत कैसे बढ़ गया शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान प्रतिशत में 10 प्रतिशत तक की वृद्धि के बारे में भारतीय निर्वाचन आयोग से सवाल किया कि इतने दिनों बाद यह अचानक कैसे बढ़ गया।

मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने



कहा कि महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और चुनाव आयोग की वेबसाइटों पर अब तक हुए सभी लोकसभा क्षेत्रों में प्रति घंटा और दैनिक मतदान प्रतिशत के अद्यतन आंकड़े हैं। उन्होंने कहा कि पहले चरण (19 अप्रैल) के 11 दिन बाद और दूसरे चरण (26 अप्रैल) के मतदान के बाद एक सप्ताह बाद चुनाव आयोग ने वोटिंग प्रतिशत जारी किया है, जो मतदान की तारीखों पर दिए गए लाइव डेटा से कहीं ज्यादा है। अतिरिक्त वोट कहां से आये? कई निर्वाचन क्षेत्रों में वोटिंग प्रतिशत में सात से 10 प्रतिशत का बदलाव आया है। हालांकि, नागपुर में कथित तौर पर इसमें कुछ अंकों की कमी आई है और कम मतदान ने भाजपा को परेशान कर दिया है।

संजय राउत ने संदेह व्यक्त करते हुए कहा कि कम मतदान के बाद कई लोगों ने इस पर ध्यान दिया और 2019 के मतदान आंकड़ों की तुलना में वोटिंग प्रतिशत में बड़ी गिरावट पर चिंता जताई। वहीं, लोग अब हैरान हैं कि कम प्रतिशत 11 दिनों में बढ़ गया और 2019 के चुनाव के लगभग बराबर हो गया है, जिससे सवाल उठ रहे हैं। संजय राउत ने कहा कि यह डिजिटल भारत में डिजिटल युग है, क्या उन्हें मतदान प्रतिशत बताने में 11 दिन लगते हैं? हम अंतिम गणना में आधा या एक प्रतिशत का अंतर समझ सकते हैं, लेकिन सात या 10 प्रतिशत या उससे अधिक का इतना बड़ा अंतर पचाना मुश्किल है।

# कई दिनों से लापता हैं तारक मेहता फेम सोढ़ी

## प्रोड्यूसर असित मोदी बोले- हमारा पर्सनल बॉन्ड नहीं था पर दुआ करता हूं वो सेफ हों



'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोढ़ी का किरदार निभाने वाले एक्टर गुरुचरण सिंह बीते कई दिनों से लापता हैं। 22 अप्रैल को वो दिल्ली से मुंबई के लिए निकले थे, जिसके बाद से किसी को उनकी कोई खबर नहीं मिली। द्यतारक मेहता का उल्टा चश्मा' शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने गुरुचरण सिंह के बारे में बात की है। गुरुचरण के लापता होने की खबर सुनकर असित मोदी को हैरानी हुई।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट्स के मुताबिक, असित मोदी ने कहा- ये मेरे लिए बहुत दुखद और शॉकिंग खबर है। गुरुचरण अपने परिवार से बहुत प्यार करते थे। वो अपने पेरेंट्स के प्रति अपनी पूरी जिम्मेदारी निभाते थे। वैसे तो, हमारा कोई पर्सनल बॉन्ड नहीं था, लेकिन जितना मैं जानता हूं वो बहुत धार्मिक व्यक्ति थे। उन्होंने कोविड के दौरान तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो छोड़ा था, लेकिन उसके बाद भी हमारे रिश्ते अच्छे रहे।

असित ने गुरुचरण सिंह के लिए चिंता जताते हुए कहा- गुरुचरण हमेशा मुझसे मुस्कुराते हुए ही मिला करते थे। उनका गायब होना वाकई हैरानी की बात है। मुझे ये नहीं पता कि ये कैसे हो गया। अभी मामले की जांच हो रही हैं, तो मैं उम्मीद करता हूं कि कोई अच्छी खबर जरूर मिलेगी। मैं भगवान से दुआ करता हूं कि वो सेफ हों और जल्द अपने फोन कॉल उठाने लगें। शुरूआती इन्वेस्टिगेशन में पता चला है कि एक्टर जल्द ही शादी करने वाले थे। इतना ही नहीं, वो आर्थिक तंगी से भी जूझ रहे थे। पुलिस ने बताया कि गुरुचरण ने 22 अप्रैल को एटीएम से 7 हजार रुपए निकाले थे, जिसके बाद उनका फोन स्विच ऑफ हो गया था। उनकी लास्ट लोकेशन दिल्ली के पालम स्थित उनके घर से कुछ ही किलोमीटर दूर पाई गई है। इसके अलावा पालम एरिया से ही पुलिस के हाथ कुछ उउळश फुटेज भी लगे हैं जिसमें एक्टर बैग लिए रोड क्रॉस करते नजर आ रहे हैं।



## निकिता दत्ता की बोल्ड साड़ी लुक ने

# फैंस को किया घायल

बॉलीवुड एक्ट्रेस निकिता दत्ता अपनी एक्टिंग से ज्यादा फैशन स्टेटमेंट्स के कारण चर्चाओं में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देख कर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। इन तस्वीरों में उनका परफेक्ट साड़ी लुक फैंस के दिलों में खंजर चला रहा है।

निकिता दत्ता आए दिन अपनी बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तबाही मचाने लगता है।हाल ही में एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ ग्लैमरस फोटोज शेयर कर एक बार फिर से इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। इस बार एक्ट्रेस ने एथनिक का ओवरडोज तड़का लगाया है।


**एक्ट्रेस ने कबीर सिंह में जिया शर्मा का किरदार निभाया था**

साथ ही फैंस उनके लुक्स की जमकर तारीफ कर रहे हैं।ओपन हेयर को कर्ली स्टाइल लुक देकर एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने इस आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका ये लुक देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक कातिलाना अंदाज में पोज देते हुए हॉट फोटोशूट करवा रही हैं। साथ ही अपने लुक से लोगों को दीवाना बना रही हैं।एक्ट्रेस के इस लुक को देखकर फैंस लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपना प्यार लूटा रहे हैं। एक यूजर ने उनकी इन तस्वीरों पर रिएक्शन देते हुए लिखा है- टू हॉट। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है- कयामत लग रही हो। फिर तीसरे यूजर ने कॉमेंट किया- ब्यूटिफुल। बता दें कि एक्ट्रेस ने कबीर सिंह में जिया शर्मा का किरदार निभाया था। इस फिल्म में लोगों ने उनकी एक्टिंग को काफी पसंद भी किया था।

## जैकलीन ने पालतू जानवरों को खरीदने के बजाय गोद लेने का किया आग्रह



एक्ट्रेस व एनिमल लवर जैकलीन फर्नांडीज ने पालतू जानवरों को खरीदने के बजाय इन्हें गोद लेने का आग्रह किया।जैकलीन ने इंस्टाग्राम पर अपने स्टोरी सेक्शन पर एक वीडियो शेयर किया।वीडियो में दो पोमेरेनियन, एक हस्की और एक पूडल सहित कई कुत्तों को बीमार अवस्था में देखा जा सकता है। एक्ट्रेस ने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन दियाः खरीददारी न करने और गोद लेने का एक और कारण.. ब्रीडिंग इंडस्ट्री क्रूर और अक्सर अवैध है।वर्कफ्रंट की बात करें तो, जैकलीन पिछली बार रोहित शेट्टी की सर्कस में नजर आई थी। वह जल्द ही सोनू सूद स्टारर फतेह में दिखाई देंगी।



# डॉन-3 की शूटिंग

## लोकेशन देखने लंदन पहुंचे फरहान अख्तर



**अगस्त के बाद होगी शूटिंग**

**दिसंबर तक कम्प्लीट होगी फिल्म**

पिछले कुछ अर्से से डॉन-3 के बनने को लेकर कई खबरें आ रही हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म टल गई है। कई कथित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और ट्रेड एक्सपर्ट्स ने तो यह तक कह दिया कि फिल्म डिब्बाबंद होने वाली है। हालांकि हकीकत कुछ और है।

फिल्म को रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर का बैनर एक्सेल एंटरटेनमेंट बना रहा है। प्रोडक्शन टीम इसे लेकर गंभीर है। बैनर से जुड़े सूत्रों ने इस बाबत नई जानकारी शेयर की है। उन्होंने बताया कि फिल्मिंग स्टार्ट हो गई है। कुछ दिनों पहले फरहान अख्तर इस फिल्म की कोर टीम के साथ लंदन पहुंच गए हैं। वे वहां डॉन-3 की शूटिंग के लिए लोकेशन फाइनल करने गए हैं। लंदन के अलावा प्रोडक्शन टीम जर्मनी भी जाएगी। मुमकिन है कि फिल्म लंदन के अलावा जर्मनी के कई शहरों में भी शूट की जाएगी। सोर्सेज का कहना है कि मेकर्स इसी साल अगस्त के बाद डॉन-3 की शूटिंग शुरू कर देंगे और दिसंबर तक इसे कम्प्लीट कर देंगे। डॉन-3 में इस बार डॉन प्ले करने की कमान रणवीर सिंह के हाथों में है। रणवीर ने इससे पहले पद्मावत में विलेन का रोल प्ले किया था। वहां उन्होंने दिल्ली सल्तनत के राजा अलाउद्दीन खिलजी का रोल निभाया था।



नडाल

## मैड्रिड ओपन में हार के बाद भावुक हुए

# 'मेरा शरीर संकेत दे रहा'

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मैड्रिड

सबसे ज्यादा 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रफेल नडाल मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में मिली हार के बाद भावुक हो गए। दरअसल, इस टूनार्मेंट और इस कोर्ट में वह आखिरी बार खेल रहे थे। पांच बार के मैड्रिड ओपन चैंपियन नडाल को 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने 7-5, 6-4 से हराया।

हार के बाद नडाल ने कहा- यह मेरे लिए मुश्किलों भरा दिन है, लेकिन यही हकीकत है । मेरा शरीर और जिंदगी काफी समय से संकेत दे रहे हैं। मैं इस कोर्ट को अलविदा कह रहा हूं और मेरे लिए यह बहुत भावुक पल है। यहां की यादें हमेशा मेरे साथ रहेंगी। नडाल के हमवतन स्पेन के ही कार्लोस अल्काराज तीन घंटे तक चले मैच में जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-7, 7-6 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए। वहीं, शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने 16वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव को 5-7, 6-3, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदव ने अलेक्जेंडर बुबलिक को 7-6, 6-4 से हराया।



महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने बीट्रिज हदाद माइया को 4-6, 6-0, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना अमेरिका की 18वीं वरीयता प्राप्त मेडिसन कीस से होगा। मेडिसन ने आठवीं वरीयता प्राप्त ओंस जबाउर को 0-6, 7-5, 6-1 से हराया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी पहले दौर में सेबेस्टियन कोरडा और जोर्डन थाम्पसन से अप्रत्याशित हार के बाद एटीपी मुटुआ मैड्रिड ओपन से बाहर हो गई। ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरूष युगल चैम्पियन बोपन्ना और एबडेन को एक घंटे 17 मिनट तक चले मैच में अमेरिका और आस्ट्रेलिया की जोड़ी से 7-6, 7-5 से पराजय झेलनी पड़ी। पिछले साल बोपन्ना और एबडेन ने इंडियन वेल्स मास्टर्स जीता था और 43 वर्ष के बोपन्ना एटीपी मास्टर्स 1000 चैम्पियन बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बने। दोनों विम्बलडन पुरुष युगल सेमीफाइनल और अमेरिकी ओपन फाइनल में पहुंचे थे।

SRH vs RR



# भुवनेश्वर कुमार ने

## अंतिम गेंद पर दिलाई हैदराबाद को जीत

## राजस्थान का प्लेऑफ में पहुंचने का इंतजार बढ़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर

तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को अंतिम गेंद पर जीत दिलाकर दो महत्वपूर्ण अंक दिलाए, जबकि शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स का प्लेऑफ में पहुंचने का इंतजार बढ़ गया है। हैदराबाद ने नीतीश रेड्डी के 42 गेंदों पर तीन चौके और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 76 रन और ट्रेविस हेड के 44 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्के के सहारे 58 रनों की पारी के दम पर 20 ओवर में तीन विकेट पर 201 रन बनाए। जवाब में राजस्थान खराब शुरूआत से उबरते हुए रियान पराग के 77 रन और यशस्वी जायसवाल के 67 रनों की पारी के बावजूद 20 ओवर में सात विकेट पर 200 रन बना सकी। राजस्थान को आखिरी गेंद पर दो रन की जरूरत थी, लेकिन भुवनेश्वर ने रोवमैन पोवेल को आउट कर हैदराबाद को जीत दिला दी। भुवनेश्वर कुमार ने इस मैच में तीन विकेट लिए और अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### शीर्ष चार में पहुंची हैदराबाद

राजस्थान की 10 मैचों में यह दूसरी हार है और वह 16 अंकों के साथ शीर्ष पर मौजूद है। राजस्थान अगर यह मुकाबला जीतने में सफल रहती तो प्लेऑफ के लिए क्वलीफाई कर लेती, लेकिन टीम ऐसा नहीं कर सकी। दूसरी ओर, हैदराबाद की टीम 12 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष चार में पहुंच गई है। चेन्नई सुपर किंग्स की टीम पांचवें स्थान पर खिसक गई है।

**हैदराबाद को लगा शुरूआती झटका-** इससे पहले, सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और आवेश खान ने अभिषेक शर्मा को आउट कर हैदराबाद को शुरूआत झटका दिया। अभिषेक 12 रन बनाकर आउट हुए। अगले ओवर में अनमोलप्रीत सिंह संदीप शर्मा का शिकार बने जिससे हैदराबाद पर दबाव बढ़ गया।

**पावरप्ले में लगातार विकेट ले रहे हैं संदीप-** राजस्थान के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा पावरप्ले में लगातार विकेट ले रहे हैं। वह आईपीएल इतिहास में पावरप्ले में दूसरे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। संदीप के नाम पावरप्ले में 60 विकेट हो गए हैं। उनसे आगे सिर्फ भुवनेश्वर कुमार हैं जिनके पावरप्ले में 69 विकेट हो गए हैं।

**हैदराबाद ने बनाया इस सीजन का अपना पावरप्ले का न्यूनतम स्कोर-** शुरूआती झटकों के बाद हैदराबाद की बल्लेबाजी पावरप्ले में धीमी पड़ गई और हैदराबाद ने इस सीजन पावरप्ले में अपना न्यूनतम स्कोर बनाया। पावरप्ले में हैदराबाद की टीम दो विकेट पर 37 रन ही बना सकी थी। इससे पहले उसका इस सीजन पावरप्ले में न्यूनतम स्कोर पंजाब किंग्स के खिलाफ तीन विकेट पर 40 रन था।

### हैदराबाद की सबसे कम अंतर से जीत

हैदराबाद की यह आईपीएल इतिहास की सबसे कम अंतर से जीत है। इससे पहले टीम ने इसी सीजन पंजाब किंग्स को दो रन से हराया था। हैदराबाद का आईपीएल 2024 में लक्ष्य का बचाव करके हुए रिकॉर्ड शानदार रहा है और टीम ने लक्ष्य का बचाव करते हुए छह में से पांच जीत दर्ज की है, जबकि उसे इस दौरान एक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। आईपीएल में यह दूसरी बार है जब राजस्थान को एक रन से हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले टीम को दिल्ली कैपिटल्स ने 2012 में एक रन से हराया था।

### भुवनेश्वर ने राजस्थान को पहले ओवर में दिए दो झटके

लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरूआत अच्छी नहीं रही और भुवनेश्वर ने इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे जोस बटलर और कप्तान संजू सैमसन को पहले ही ओवर में खाता खोले बिना पवेलियन भेजा। शुरूआती ओवर में दोहरे झटके लगने से राजस्थान की पारी लड़खड़ा गई।

### आखिरी ओवर का रोमांच

यशस्वी और रियान के आउट होने के बाद राजस्थान ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और शिमरॉन हेत्मायर और ध्रुव जुरेल सस्ते में पवेलियन लौट गए। आखिरी ओवर में राजस्थान को 13 रन बनाने थे और क्रीज पर रोवमैन पोवेल के साथ रविचंद्रन अश्विन मौजूद थे। अश्विन ने पहली गेंद पर सिंगल लिया, जबकि पोवेल ने दूसरी गेंद पर दो रन चुराए। तीसरी गेंद पर पोवेल ने चौका लगाया और राजस्थान को जीत के लिए उस समय तीन गेंदों पर छह रनों की जरूरत थी। पोवेल ने चौथी और पांचवीं गेंद पर फिर दो रन लिए। अब राजस्थान को जीत के लिए एक गेंद पर दो रन की जरूरत थी। भुवनेश्वर ने फुलटॉस गेंद डाली जो सीधे पोवेल के पैर में लगी। भुवनेश्वर ने आउट की अपील की और अंपायर ने एलबीडब्ल्यू आउट दिया।



### यशस्वी-रियान की शतकीय साझेदारी

शुरूआती झटकों के बाद यशस्वी जायसवाल और रियान पराग ने राजस्थान की पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने पावरप्ले की समाप्ति तक 60 रन खड़े किए। यशस्वी को हालांकि पैट कमिंस ने जीवनदान दिया और उनका आसान सा कैच छोड़ा। कमिंस से मिले इस जीवनदान का यशस्वी ने पूरा फायदा उठाया और अर्धशतक जड़ दिया। इसके कुछ देर बार रियान ने भी अपना पचासा पूरा किया। देखते ही देखते दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 134 रनों की साझेदारी कर डाली। यह बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए आईपीएल में कई गई दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। हालांकि, टी. नटराजन ने यशस्वी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसक बाद कमिंस ने रियान को आउट कर एक बार फिर राजस्थान की पारी लड़खड़ा दी।





### नीतीश-क्लासेन की विस्फोटक पारी

हेड के आउट होने के बाद नीतीश रेड्डी ने अपना गियर बदला और आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए अपना पचासा पूरा किया। उन्हें दूसरे छोर पर हेनरिच क्लासेन का अच्छा साथ मिला जो लगातार बड़े शॉट लगाते रहे। हैदराबाद ने पहले 10 ओवर में 75 रन बनाए थे, लेकिन हेड, नीतीश और क्लासेन की विस्फोटक पारी से हैदराबाद ने अगली 60 गेंदों पर 126 रन बटोरे और सिर्फ एक ही विकेट गंवाया। क्लासेन और नीतीश के बीच इस दौरान चौथे विकेट के लिए 70 रनों की साझेदारी हुई। नीतीश ने इस दौरान अपनी पारी में आठ छक्के जड़े और वह आईपीएल की किसी पारी में हैदराबाद के लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए। नीतीश से पहले डेविड वॉर्नर, मनीष पांडे, हेनरिच क्लासेन और ट्रेविस हेड ने भी आईपीएल में किसी पारी में आठ छक्के जड़े हैं। हैदराबाद की ओर से क्लासेन ने 19 गेंदों पर तीन चौके और तीन छक्के की मदद से नाबाद 42 रनों का योगदान दिया। राजस्थान के लिए तेज गेंदबाज आवेश खान ने दो विकेट लिए।

### महंगे साबित हुए चहल



भारत की टी20 विश्व कप टीम में शामिल राजस्थान के स्पिन गेंदबाज युजवेंद्र चहल इस मैच में खासे महंगे साबित हुए और उन्होंने चार ओवर के अपने स्पैल में 62 रन लुटाए। इस दौरान चहल की इकॉनोमी 15.50 की रही। नीतीश और क्लासेन ने चहल को अपने निशाने पर लिया और उनके ओवर से लगातार रन बटोरे। तेज गेंदबाजों की तुलना में राजस्थान के स्पिनर इस मैच में काफी महंगे रहे। राजस्थान के स्पिनरों ने आठ ओवर में 98 रन दिए और एक विकेट भी विकेट हासिल नहीं कर सके, जबकि इनकी इकॉनोमी रेट 12.25 की रही। दूसरी ओर, तेज गेंदबाजों ने कुल 12 ओवर फेंके और 103 रन देकर तीन विकेट झटके। तेज गेंदबाजों की इकॉनोमी रेट 8.58 रही।

■ वर्ष-10 अंक-179 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 03 मई, 2024

## सुभाषितानि

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु :खितै : सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

भावार्थ : [illegible]

विनय फलं शुश्रूषा गुरुशुश्रूषाफलं श्रुत ज्ञानम्।
ज्ञानस्य फलं विरतिः विरतिफलं चाश्रव निरोधः॥

भावार्थ : विनय का फल सेवा है, गुरुसेवा का फल ज्ञान है, ज्ञान का फल विरक्ति है और विरक्ति का फल आश्रवनिरोध है।

## सम्पादकीयम्

### दलस्य रुख विषये प्रश्नः

सद्यः निर्वाचनकाले ये प्रकाराः गम्भीराः आरोपाः विवादाः च उत्पन्नाः, तदनन्तरं हसनलोकसभासीटस्य उपविष्टस्य सांसदस्य, एतेषु निर्वाचनेषु प्रत्याशी, पूर्वप्रधानमन्त्री एच्.डी प्राकृतिक। परन्तु प्रश्नः अस्ति यत् यदि कर्नाटकदेशे मतदानम् अद्यापि न समाप्तम् आसीत् तथा च विपक्षस्य काङ्ग्रेसस्य अपि च मित्रपक्षस्य भाजपायाः दबावः नासीत् चेदपि दलनेतृत्वस्य अपि एतादृशी एव मनोवृत्तिः स्यात् वा? अभिप्रायस्य विषये प्रश्नाः उत्थापिताः सन्ति यतोहि गतवर्षस्य जूनमासात् आरभ्य अस्य विषये अफवाः आसन्। तदा प्रज्वाल रेवन्ना न्यायालयस्य समीपं गतः आसीत। सः न्यायालयात् आग्रहं कृतवान् आसीत् यत् तस्य सम्बद्धाः केचन नकली-वीडियाः सन्ति, येषां प्रकाशनं मीडिया-सङ्गठनानां कृते स्थगितव्यम् इति। कर्नाटकदेशे जदएस-सङ्गठनेन भाजपायाः गठबन्धनम् अस्ति। हसननगरस्य एकः स्थानीयः भाजपानेता सामान्यनिर्वाचनात् पूर्वं स्वपक्षं विषये सूचयन् प्रजवालः तस्य पिता एच् डी रेवन्ना च टिकटं न प्राप्नुयात् इति चेतावनीम् अयच्छत्।

### ममता शिक्षकनियुक्तिघोटाले पूर्वमेव अवगतः

# इति पूर्वमहासचिवः कुणालघोषः अवदत्



ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

पश्चिमबङ्गदेशस्य तृणमूलकाङ्ग्रेसस्य टीएमसी-सङ्घस्य च पूर्वमहासचिवः कुणालघोषः अवदत् यत् राज्ये २०२१ तमे वर्षे विधानसभानिर्वाचनात् पूर्वमपि विद्यालयनियुक्तिघोटाले दलं अवगतम् अस्ति। सः अवदत् यत् पश्चिमबङ्गस्य मुख्यमन्त्री ममता बनर्जी इत्यस्याः नेतृत्वे दलं विद्यालयशिक्षाविभागे कायार्णां विनिमयरूपेण बृहत्रूपेण भ्रष्टाचारस्य, उत्पीडनस्य च विषये सुविदितः अस्ति। तस्य समीपस्थः इति मन्यमानः पूर्वः टीएमसी-नेता अवदत् यत् विद्यालयशिक्षाविभागे कायार्णां विनिमयरूपेण बृहत्रूपेण भ्रष्टाचारः, उत्पीडनं च भवति इति दलं सम्यक जानाति। २०२१ तमस्य वर्षस्य विधानसभानिर्वाचनात् पूर्वमपि दलं एतत् अवगतम् आसीत्।

पूर्वमहासचिवः कुणालघोषः अपि दावान् अकरोत् यत् अस्य भ्रष्टाचारस्य, उत्पीडनस्य च सूचनायाः कारणात एव पश्चिमबङ्गस्य पूर्वमन्त्री पार्थचटर्जी २०२१ तमे वर्षे विधानसभानिर्वाचने दलस्य विजयानन्तरं शिक्षामन्त्रालयात् उद्योगविभागे स्थानान्तरितः। घोषस्य एतत् वक्तव्यं कलकत्ता उच्चन्यायालयेन पश्चिमबङ्गसर्वकारेण प्रायोजितसहाय्येन विद्यालयेषु आयोजिता राज्यस्तरीयचयनपरीक्षा-२०१६ इत्यस्य भर्तीप्रक्रियाद्वारा कृतानां सवेर्षां नियुक्तीनां रद्दीकरणस्य आदेशस्य एकसप्ताहस्य अनन्तरम् अस्ति। परन्तु टीएमसी इत्यनेन उक्तं यत २०२२ तमे वर्षे चटर्जी इत्यस्य गिरफ्तारीपर्यन्तं दलस्य घोटालस्य विषये अवगतं नासीत्। कलकत्ता उच्चन्यायालयस्य निर्णयानन्तरं प्रायः २६००० जनानां कार्याणि त्यक्तवन्तः । २०२२ तमस्य वर्षस्य जुलैमासे प्रवर्तननिदेशालयेन पार्थचटर्जी इत्यस्य एसएससी-घोटाले कथितस्य संलग्नतायाः कारणेन गृहीतम्।

### जबलपुरे तापमानं ४४ तः ४५ डिग्रीपर्यन्तं भवितुं शक्यते..

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

अस्मिन् मासे मध्यप्रदेशे पञ्चाष्टदिनानि यावत् उष्णवायुः प्रवहति इति अपेक्षा अस्ति। राज्यस्य पूर्वभागं विहाय ग्वालियर-चम्बाले अधिकः प्रभावः भविष्यति। मे-मासस्य १० दिनाङ्कात् १७ दिनाङ्कपर्यन्तं मासस्य अन्तिमेषु दिनेषु च तीव्रतापस्य सम्भावना वर्तते।

मौसमविशेषज्ञानाम् अनुसारं मेमासे सामान्यापेक्षया अधिकवृष्टेः सम्भावना वर्तते, एतत् पाश्चात्यविकारस्य कारणेन भविष्यति। पूर्वं एमपी-नगरस्य ९ नगरेषु दिवसस्य तापमानं ४० डिग्रीम् अतिक्रान्तम् आसीत्, येषु खरगोने सर्वाधिकं उष्णम् आसीत्, अत्र तापमानं ४२ डिग्रीपर्यन्तं प्राप्तवान् एतदतिरिक्तं मे-मासस्य प्रथमद्वितीयदिनम् अपि अतीव उष्णम् आसीत्। मेमासस्य आरम्भिकसप्ताहे मौसमस्य मिश्रितः प्रभावः भविष्यति इति अपि विशेषज्ञाः वदन्ति। तदनन्तरं पुनः पाश्चात्यः उपद्रवः सक्रियः भवति। तस्य प्रभावः एकदिनद्वयानन्तरं दृश्यते। मे १० दिनाङ्कपर्यन्तं तापमानस्य उतार-चढावः भविष्यति, ततः अत्यन्तं उष्णं भविष्यति। यस्मिन् ग्वालियर, छतरपुर, नरसिंहपुर, निवारी, मैहार, टीकमगढ़, भिन्द, दतिया, खरगोने, बरवानी, खण्डवा, मोरेना, राजगढ़, रायसेन, शाजापुर, शिवपुर कलां, शिवपुरी, विदिशा जिल्हेषु तापमान ४५ डिग्री वा अधिकं भवितुं शक्यते . यदि वयं बृहन्नगरानां विषये वदामः तर्हि जबलपुर, भोपाल, इन्दौर, उज्जैन इत्यत्र तापमानं ४४ तः ४५ डिग्रीपर्यन्तं भवति इति अपेक्षा अस्ति।

## बाबा महाकाल

### भस्मारतिः श्रृंगारः दर्शनम्

अवन्तिकायां विहितावतारं मुक्तिप्रदानाय च सज्जनानाम्।
अकालमृत्योः परिरक्षणार्थं वन्दे महाकालमहासुरेशम्।




जो भगवान शंकर संतजनों को मोक्ष प्रदान करने के लिए अवन्तिकापुरी उज्जैन में अवतार धारण किए हैं, अकाल मृत्यु से बचने के लिए उन देवों के भी देव महाकाल नाम से विख्यात महादेव जी को मैं नमस्कार करता हूँ। नमस्कार करता हूँ।

## राशिफल

**मेष** : जिससे आप आत्म-देखभाल पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे और स्वस्थ जीवन शैली बनाए रख सकेंगे।

**वृष** : संतुलित आहार और नियमित एक्सरसाइज पर केंद्रित एक स्वस्थ जीवन शैली को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**मिथुन** : किसी भी कार्य को करने के लिए ऊर्जा और आत्मविश्वास मिलेगा। नकारात्मक पक्ष में, यात्रा निराशा और व्यवधान ला सकती है।

**कर्क** : आप स्वास्थ्य के मोर्चे पर केंद्रित और अनुशासित हैं। ऊर्जा के साथ स्वस्थ विकल्प चुनें और अपने फिटनेस लक्ष्यों पर टिके रहें।

**सिंह** : वित्तीय स्थिरता केवल औसत हो सकती है। व्यवसाय विस्तार योजनाओं पर रोक लगाना और खर्च पर कड़ी नजर रखना सबसे अच्छा है।

**कन्या** : फिर भी इनका करियर काफी अच्छा है। सहकर्मियों के ताजा विचारों और ऊर्जा से उनके काम के माहौल को फायदा होगा।

**तुला** : अपनों के साथ भावनात्मक जुड़ाव की संभावना के साथ रोमांस भी चमक रहा है। आप एक प्यार भरे, संगत रिश्ते में रहेंगे जो खुशी देगा।

**वृश्चिक** : आपका दिमाग भी साफ होना शुरू हो सकता है, जिससे आपको शांत महसूस करने में मदद मिलेगी।

**धनु** : परियोजना सफलतापूर्वक पूरी हो जाएगी। स्थिति सकारात्मक नजर आ रही है और आप खर्चों को अच्छी तरह से प्रबंधित कर सकते हैं।

**मकर** : यदि आपको किसी एक कार्य पर ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई होती है, तो इससे काम में गलतियां और अन्य समस्याएं हो सकती हैं।

**कुंभ** : घर में निजी धार्मिक समारोह या उत्सव आयोजित करने के लिए उत्तम है। कुछ लोगों को अपनों के रिश्ते सुधारने का मौका मिलेगा।


**मीन**: आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा और बैंक बैलेंस में सुधार हो सकता है। अपने सपनों की नौकरी के लिए आपको थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है।

## ज्योतिष/वास्तु

# चतुर्ग्रही योग देगा चौतरफा लाभ, 4 राशि वालों को राजयोग से होगा बंपर फायदा

मई महीने में 4 ग्रहों का महत्वपूर्ण गोचर चतुर्ग्रही योग बना रहा है। चतुर्ग्रही योग वृषभ राशि में बन रहा है और यह 4 राशि वालों के लिए बेहद ही शुभ रहने वाला है।

हर ग्रह निश्चित समय में राशि परिवर्तन करता है। मई महीने में कई अहम ग्रह गोचर हो रहे हैं। इसमें से एक ग्रह गोचर हो चुका है। गुरु गोचर करके वृषभ राशि में प्रवेश कर गए हैं। इसके बाद सूर्य राशि परिवर्तन करके वृषभ राशि में जाएंगे। फिर 19 मई को वृषभ राशि में शुक्र का प्रवेश



होगा। इससे वृषभ राशि चतुर्ग्रही योग का निर्माण होगा। इतना ही नहीं ये ग्रह गोचर कई राजयोग भी बनाएंगे। जैसे- गुरु-शुक्र की युति से गजलक्ष्मी राजयोग बनेगा। सूर्य और बुध की युति से बुधादित्य राजयोग और शुक्र सूर्य की युति से शुक्रआदित्य योग भी बनेगा। ये सभी राजयोग 4 राशि वालों के लिए बहुत शुभ होने वाले है।

- **वृषभ राशि** : वृषभ राशि में ही चतुर्ग्रही योग बन रहा है। इस राशि में गुरु, शुक्र, बुध और सूर्य विराजमान रहेंगे और इन जातकों को तगड़ा लाभ देंगे। इन लोगों को जॉब-बिजनेस में बड़ा लाभ होगा। तरक्की मिलेगी। संपत्ति से लाभ होगा। निवेश से लाभ होगा। नई नौकरी मिल सकती है। प्रमोशन-इंक्रीमेंट मिल सकता है। करियर की दिशा में उठाए गए हर कदम सफल होंगे। आर्थिक स्थिति बेहतर होता है।
- **कन्या राशि** : कन्या राशि वालों के लिए यह राजयोग बहुत अच्छा रहेगा। शिक्षा में सफलता मिलेगी। करियर में लाभ होगा। आपको बड़ी कामयाबी मिल सकती है। विदेश जाने का सपना पूरा हो सकता है। कोई बड़ा सपना पूरा हो सकता है। संतान प्राप्ति के योग हैं। वैवाहिक सुख मिलेगा।
- **वृश्चिक राशि** : वृश्चिक राशि वालों का निजी जीवन अच्छा रहेगा। आप खुशियों का आनंद लेंगे। परिवार में सभी से बनेगी। आर्थिक लाभ होगा। यदि आप संभलकर काम करें तो करियर के लिए भी अच्छा रहेगा। ससुराल से लाभ हो सकता है। किसी धार्मिक यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। पैतृक संपत्ति मिलने के योग हैं।
- **मकर राशि** : मकर राशि के जातकों के लिए यह समय कई मामलों में लाभ देगा। आपको नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। वेतन वृद्धि मिल सकती है। नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है। व्यापार अच्छा चलेगा। यात्रा पर जा सके हैं। अविवाहित जातकों का विवाह हो सकता है। संतान से सुख मिलेगा।




# सस्ते कर्ज के लिए
## अक्टूबर तक करना होगा इंतजार

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली


सस्ता कर्ज पाने के लिए लोगों को अक्तूबर तक इंतजार करना पड़ सकता है। महंगाई के जोखिम और अमेरिकी केंद्रीय बैंक के दरों में कोई बदलाव नहीं करने के कारण आरबीआई तीसरी तिमाही तक रेपो दर में कटौती का फैसला टाल सकता है। अर्थशास्त्रियों का पहले मानना था कि जून की बैठक में आरबीआई दरों में कटौती कर सकता है। अब महंगाई के जोखिम को देखते हुए यह फैसला अक्तूबर से दिसंबर के बीच हो सकता है।

**तीसरी तिमाही तक रेपो दर में कटौती की उम्मीद**

अर्थशास्त्रियों का कहना है कि इस पूरे साल में रेपो दर में 0.50 फीसदी की कटौती की उम्मीद है। फिलहाल रेपो दर 6.5 फीसदी पर बनी हुई है। आरबीआई ने सात बार से दरों को यथावत रखा है। महंगाई आरबीआई के दायरे से अब भी ऊपर है। अर्थशास्त्रियों ने दिसंबर तक के लिए अपने तिमाही महंगाई पूवार्नुमान को थोड़ा कम कर दिया है। आरबीएल बैंक की अर्थशास्त्री अचला जेठमलानी ने कहा, भारत की विकास दर अच्छी है। महंगाई नियंत्रण में है। लेकिन, गर्मी में खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ीं तो महंगाई आरबीआई की चिंता बढ़ा सकती है। इसके साथ ही, वैश्विक विकास पर नजर रखना महत्वपूर्ण है। अमेरिका समेत दुनियाभर के केंद्रीय बैंक ब्याज दर के मामले में जिस तरह के फैसले लेंगे, आरबीआई भी उसी आधार पर रणनीति बनाएगा। मॉर्गन स्टेनली का कहना कि एशिया के अधिकांश केंद्रीय बैंक दरों में कटौती में देरी करेंगे। भारत में भी इस साल कटौती की उम्मीद नहीं है।

# 500 रुपये चढ़ा सोना

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



**400 रुपये बढ़ी चांदी**

दिल्ली सरार्फा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने के दाम में 500 रुपये की बढ़ोतरी हुई, सोने का भाव 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। वहीं चांदी के भाव में 400 रुपये की बढ़ोतरी हुई है, चांदी अब 83,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो हो गई है।

बता दें कि 1 मई को महाराष्ट्र दिवस/मजदूर दिवस के अवसर पर कमोडिटी बाजार आंशिक रूप से बंद थे। वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 500 रुपये चढ़कर 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं चांदी की कीमतें भी 400 रुपये बढ़ी है। और बढ़कर 83,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गईं। पिछले कारोबार में यह 83,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ कमोडिटी विश्लेषक सौमिल गांधी के अनुसार विदेशी बाजारों से तेजी का संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 500 रुपये बढ़कर 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।

जबकि वैश्विक बाजारों में, कॉमेक्स पर सोना हाजिर 2,304 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद से 16 अमेरिकी डॉलर अधिक है।



उन्होंने कहा कि अमेरिकी फे-डरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखने और यह कहने के बाद कि यह बैलेंस शीट में कटौती की गति को धीमा कर देगा, बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में उछाल आया। वहीं फेड अध्यक्ष जेरोम पॉवेल भी ब्याज दरों में कटौती का रास्ता निकालने में असफल हरे। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि इस वर्ष नरमी का पूर्वाग्रह बना हुआ है, जिससे सोने के प्रति व्यापारियों की भावना को बढ़ावा मिला। इसके बाद, दो दिवसीय फेडरल ओपन मार्केट कमेटी नीति बैठक, अमेरिकी ट्रेजरी पैदावार और अमेरिकी डॉलर में गिरावट आई, जिससे कीमती धातु को भी समर्थन मिला।

चांदी भी बढ़त के साथ 26.45 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। पिछले बंद में यह 26.39 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ था।

एलकेपी सिक्योरिटीज में कमोडिटी और करेंसी के वीपी रिसर्च एनालिस्ट जतीन त्रिवेदी ने कहा, "निवेशक अब नॉनफार्म पेरोल और बेरोजगारी डेटा का इंतजार कर रहे हैं। इससे सराफा कीमतों के बारे में अधिक जानकारी मिल सकती है।

## यात्री वाहनों की बिक्री 3.38 लाख के पार

**मारुति ने बेचीं 1.37 लाख से अधिक गाड़ियां**



ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल, 2024 में सालाना आधार पर मामूली 1.17 फीसदी बढ़कर 3,38,341 इकाई पहुंच गई। एक साल पहले की समान अवधि में कुल 3,32,468 यात्री वाहन बिके थे। उच्च तुलनात्मक आधार प्रभाव और आम चुनावों के कारण गाड़ियों की मांग लगभग स्थिर रही है। इस दौरान मारुति सुजुकी इंडिया, ह्यूंडई और टाटा मोटर्स की घरेलू थोक बिक्री में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आंकड़ों के मुताबिक, मारुति सुजुकी ने अप्रैल में 1,37,952 यात्री वाहन बेचे। यह आंकड़ा अप्रैल, 2023 के 1,37,320 इकाई से ज्यादा है। ह्यूंडई मोटर इंडिया के यात्री वाहनों की बिक्री एक फीसदी बढ़कर 50,201 इकाई पहुंच गई। टाटा मोटर्स के यात्री वाहनों की बिक्री 2 फीसदी बढ़कर 47,883 इकाई पहुंच गई।


### चुनाव की वजह से सुस्ती

मारुति के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा, अभी देश में चुनाव चल रहे हैं और आदर्श आचार संहिता लागू है। चुनाव के दौरान बाजार थोड़ा सुस्त है। एक बार चुनाव खत्म हो जाएं तो मुझे लगता है कि हम एक अलग बाजार देखेंगे। ह्यूंडई के सीईओ तरुण गर्ग ने कहा, सामान्य मानसून का अनुमान विशेष रूप से ग्रामीण बिक्री के नजरिये से अच्छा है।

### दोपहिया वाहनों की बिक्री में भी बढ़ोतरी

- दोपहिया और वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में भी अप्रैल के दौरान बढ़ोतरी देखने को मिली।
- टीवीएस मोटर कंपनी की घरेलू बिक्री 29 फीसदी बढ़कर 3,01,449 इकाई पहुंच गई।
- रॉयल एनफील्ड की बिक्री 9 फीसदी बढ़कर 75,038 इकाई पहुंच गई। अप्रैल, 2023 में यह आंकड़ा 68,881 इकाई था।
- वीसी कमर्शियल व्हीकल्स लि. के वाणिज्यिक वाहनों की कुल बिक्री 18.1 फीसदी की गिरावट के साथ 5,377 इकाई रह गई।

## वर्ग पहेली



**बाएँ से दाएँ**

2. 1. प्रारूप; बनावट 2. रेखाओं और चित्रों से बनाया गया कोई प्रतिरूप; नमूना; प्रतिमान; रूप 3. खाका 4. किसी कार्य या रचना की परिकल्पना; योजना।
4. समुद्र; सागर; जलधि।
5. 1. महँगी; महँगाई 2. पेट का भारी होना; भारीपन।
6. आरती के दीपक हेतु आधार-पात्र।
9. 1. छोटी बरछी 2. एक प्रकार की बड़ी टेढ़ी छुरी।

**ऊपर से नीचे**

1. अतिथि स्वागत हेतु जलपान जिसमें चाय भी हो; अल्पाहार के साथ चाय।
3. 1. जाफरान या केसर मिला हुआ; केसरिया 2. केसर संबंधी; केसर का।
5. 1. गीला 2. जो मुलायम तथा गीला हो 3. पिलपिला 4. गुदगुदा या मांसल।
7. चमड़े के नए जूते की रगड़ से पैर में होने वाला घाव।
8. 1. खरोंच; छिलन 2. किसी अंग के छिल जाने या रगड़ने पर होने वाला घाव 3. खुजली।

### पिछली वर्ग पहले का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 गो | 2 कु | शी | | 3 पौ | | |
| | ढ़ | | 4 गि | रि | जा | |
| | 5 न | ज़ | रि | या | | 6 आ |
| | | | व | | | द |
| 7 पे | श | 8 त | र | | | म |
| | | रा | | | | ख़ो |
| 9 छु | टा | ई | | 10 पं | च | र |

## खबर एक नज़र...

### कार-आयशर की दुर्घटना में घायल महिला की हुई मौत

**उज्जैन।** आगररोड पर शिवांश कालोनी के सामने बुधवार रात हुई ईको कार और देशी शराब की पेटियों से भरी आयशर के बीच दुर्घटना में घायल हुई कार सवार कल्पना पति गणेश पंवार 42 वर्ष निवासी घाट बिल्लोद की उपचार के दौरान गुरुवार तड़के मौत हो गई। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। मृतका इंदौरगेट पर रहने वाले रिश्तेदार के यहां शादी शादी में शामिल होने आई थी। जहां से परिवार के साथ रामगंज मंडी कार में सवार होकर जा रही थी। कार में प्रकाश राव सिनम, मीना सिनम, हेमा शिंदे, अंकिता शिंदे, सुमित्रा, राहुल और रीना भी सवार थे, सभी घायल हुए है। दुर्घटना के बाद आयशर का चालक भाग निकला था। शराब भरी होने पर लोगों ने लूटपाट का प्रयास भी किया, लेकिन पुलिस ने शराब की लूटपाट होने से बचा लिया। आयशर थाने पर खड़ी की गई है। जो बड़वाह शराब गोदाम से भरकर लाई गई थी।

### राजकुमार ने बीच-बचाव में आये गबरू को मारा चाकू

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के पांड्याखेड़ी मेनगेट पर बुधवार-गुरुवार रात विवाद होता देख बीच बचाव के लिये क्षेत्र में रहने वाला गबरू पिता लोकेन्द्रसिंह दरबार 20 वर्ष पहुंचा। वह विवाद कर रहे युवकों को समझाने का प्रयास कर रहा था, तभी राजकुमार नाम युवक ने चाकू निकाल कर गबरू को मार दिये और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। आसपास के लोगों ने घायल गबरू को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर राजकुमार के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि चाकू मारने वाला आरोपी राजकुमार अपराधिक प्रवृति का है। पुलिस का कहना था कि रात में ही उसकी धरपकड़ के लिये दबिश दी गई, लेकिन फरार होना सामने आया।

### पोस्टमार्टम में मृतक के शरीर पर मिले चोंट के निशान

**उज्जैन।** घट्टिया थाना पुलिस ने मंगलवार-बुधवार रात सड़क किनारे से एक व्यक्ति का अर्द्धनग्न हालत में शव बरामद किया था। पहले ऐसा प्रतीत हुआ था कि मृतक के साथ दुर्घटना हुई है। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल पोस्टमार्टम कक्ष में रख उसकी पहचान के प्रयास शुरू किये थे। गुरुवार सुबह तक उसकी पहचान नहीं होने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामने आया कि मामला दुर्घटना का नही हत्या का है। मृतक के शरीर पर चोंट के निशान है, उसके साथ लाठी, पाइप से मारपीट कर गई है। मामले में पुलिस का कहना था कि फिलहाल मर्ग कायम किया गया है। शव की शिनाख्त नहीं होने पर दफनाया गया है। मृतक की हत्या किसी दूसरे स्थान पर करने के बाद लाश लाकर फेंकना भी अब सामने आ रहा है। पुलिस मृतक की पहचान के साथ उसके साथ हुई घटना का पता लगाने में लगी हुई है।

कर्मचारियों की आवश्यकता है

इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
89629-44070

## कंजर गिरोह के चार बदमाशों ने

# तोड़ा था कृषक के मकान का ताला



**51 दिन बाद**
हिरासत में आया एक, तीन साथियों की तलाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कृषक परिवार के मकान का दिनदहाड़े ताला तोड़ने वाले बदमाश कंजर गिरोह के होना सामने आए हैं। 51 दिन बाद पुलिस ने एक को हिरासत में लेकर मामले का खुलासा किया। तीन साथियों की तलाश की जा रही है। बदमाशों ने 4.97 लाख के आभूषण चोरी किए थे। फरार बदमाशों के गिरफ्त में आने पर आभूषणों की बरामदगी की जाएगी।

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गोयला बुजुर्ग में रहने वाले किसान मांगीलाल पिता आशाराम चौधरी के मकान का 9 मार्च की दोपहर बदमाशों ने ताला तोड़कर अलमारी और दीवान पेटी में रखें सोने-चांदी के आभूषण 55 हजार कीमत का सोने से बना हार, 25 ग्राम से अधिक का बाजूबंद, सोने का मंगलसूत्र, 25 ग्राम बाजू में पहने वाला कड़ा, 400 ग्राम वजनी चांदी की पायजेब, 500 ग्राम चांदी का पैर में पहने वाला आमला और हजारों की नगदी चोरी कर ली थी। करीब 4 लाख 97 हजार रुपए से अधिक की चोरी होना सामने आने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की थी।

51 दिन बाद पुलिस को सफलता मिली। देवास जिले के पीपलरावा कंजर डेरे में रहने वाले रविंद्र उर्फ रावेंद्र पिता भगवतिया सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में बदमाश ने तीन साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना कबूल किया है। उप निरीक्षक हेमराज यादव ने बताया कि गिरफ्त में आए बदमाश की निशानदेही पर एक लाख रुपये नगद और चोरी में उपयोग की गई बाइक बरामद की गई है। आरोपी को गुरुवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया था जहां से जेल भेजा गया है। बदमाश के साथियों की गिरफ्तारी होने पर आभूषण बरामद किए जाएंगे।

### पोते से गेहूं मांगने आये थे 2 बाइक सवार

9 मार्च को हुई दिनदहाड़े वारदात के बाद कृषक मांगीलाल चौधरी ने बताया था कि खेत पर फसल कटाई का काम चल रहा था। परिवार सुबह से खेत पर था। वह सुबह 11.30 बजे पोते के साथ घर से खेत पर जाने के लिये निकल रहे थे। उसी दौरान 2 युवक बाइक से आए थे और पोते से गेहूं मांगने लगे थे। लेकिन गेहूं की कटाई चल रही थी। उसके बाद खेत पर चले गए थे। शाम को लौटने पर कल टूटा मिला था। आसपास के लोगों ने बताया था कि उन्होंने बाइक पर सवार चार बदमाशों को मांगीलाल के घर के सामने खड़ा देखा था जो मोबाइल पर बात कर रहे थे लेकिन ऐसा लग नहीं था कि वह बदमाश है। कृषक और गांव वालों ने होने पर वारदात की आशंका जताई थी।

## मामला नाबालिगों के यौन शोषण का

# आष्टा से हिरासत में आया दण्डी आश्रम का सेवादार




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दण्डी सेवा आश्रम में नाबालिगों से यौन शोषण के मामले में फरार आरोपी सेवादार को पुलिस ने बुधवार-गुरुवार रात आष्टा में दबिश देकर हिरासत में ले लिया। जिसे उज्जैन लाकर पूछताछ की जा रही है। मामले से जुडे आचार्य को जेल भेजा जा चुका है।

बड़नगर मार्ग 30 साल पुराने गुरूकुल दण्डी सेवा आश्रम में तीन नाबालिगों के साथ यौन शोषण का मामला मंगलवार शाम सामने आया था। महाकाल पुलिस ने देवास के रहने वाले नाबालिग की शिकायत आश्रम के आचार्य राहुल शर्मा निवासी हासामपुरा और सेवादार अजय ठाकुर आष्टा के खिलाफ पास्को एक्ट में प्रकरण दर्ज किया था। आचार्य की आश्रम के संचालक गजानंद सरस्वती ने गिरफ्तारी करवा दी थी। सेवादार को आश्रम से निकला दिया गया था। जिसकी तलाश में एक टीम आष्टा रवाना की गई थी। जहां से रात में उसे गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। गुरुवार दिनभर पूछताछ की जाती रही। लेकिन सेवादार अपने ऊपर लगे आरोपों को नकारता रहा। जबकि नाबालिगों ने साफ बताया था कि सेवादार उन्हे कमरे में बुलाता था और गंदी हरकते करता था। विरोध करने पर मारपीट की जाती थी। आचार्य ने भी गलत काम करना शुरू कर दिया था। टीआई अजय वर्मा ने बताया कि मंगलवार रात आचार्य को गिरफ्तार करने के बाद उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा चुका है। मामले की विवेचना जारी है। आश्रम संचालक से भी पूछताछ कर बयान दर्ज किये जाएगें। उसे नाबालिगों ने मामले से पूर्व में अवगत करा दिया था। जिसके बाद संचालक ने सेवादार को आश्रम से निकाल दिया था। बताया जा रहा है संचालक ने मामले का दबाने का प्रयास किया था। नाबालिगों ने डायल हंड्रेड पर सूचना दी थी, लेकिन इवेंट बड़नगर पुलिस को मिला था, जबकि मामला महाकाल थाना पुलिस के क्षेत्र का था। आश्रम में कक्षा 5 वीं से 12 वीं तक के बच्चों को पंडिताई की शिक्षा दी जाती है। बच्चों के साथ यौन शोषण का मामला सामने आने के बाद अभिभावकों ने आगामी सत्र से अपने बच्चों की शिक्षा आश्रम में नहीं कराने की बात कहीं है।



## बदमाश चुराकर भागा

# 55 हजार रुपये से भरा झोला

### सीसीटीवी कैमरे दिखाई दिया पहचान करने में लगी पुलिस



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बैंक से रुपये निकालने के बाद कीटनाशक की दुकान पर पहुंचे वृद्ध ने सामान लेने के वहां लगी टेबल पर अपना झोला रख दिया। वृद्ध 1 मिनट बाद पलटा तो झोला गायब था। चोरी होने की खबर पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची। सीसीटीवी कैमरे में बदमाश दिखाई दिया। जिसकी पहचान के प्रयास किये जा रहे है। मामले में गुरुवार को चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है।

मामला नागदा थाना क्षेत्र के महिदपुररोड स्थित बैंक ऑफ बडौदा के पास का होना सामने आया है। ग्राम गुराडिया पित्रामल नागदा का रहने वाला रामचंद्र पिता कनीराम सोलंकी 75 वर्ष बुधवार दोपहर को बैंक पहुंचा था। उसने 55 हजार रुपये निकाले और बैंक समीप भारतसिंह की कीटनाशक दवा की दुकान पर पहुंचा। उसने दुकान के बाहर लगी टेबल पर अपना झोला रख दिया था। जिसमें 55 हजार रुपये भी रखे थे। वह दुकन के काउंटर पर खड़े होकर बात रहा था, तभी टेबल पर रखा झोला गायब हो गया। 1 मिनट में रामचंद्र सोलंकी पलटा तो उसने झोला गायब देख शोर मचाया। मामले की खबर पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को रामचंद्र ने बताया कि रुपयों के साथ झोले में 2 पेनकार्ड और तीन पासबुक भी रखी थी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें सामने आया कि झोला एक युवक लेकर भागा है। जिसकी उम्र 22 से 25 वर्ष के बीच है। पुलिस उसके भागने वाले रास्ते पर लगे कैमरों के फुटेज भी देख रही है। वहीं सामने आये फुटेज के आधार पर उसकी पहचान के प्रयास किये जा रहे है। गौरतलब हो कि पहले भी इस तरह की वारदात होना सामने आ चुकी है। लेकिन अब तक एक भी वारदात में बदमाशों की पहचान नहीं हो पाई है। कुछ माह पहले उज्जैन माधवनगर थाना क्षेत्र के फ्रीगंज क्षेत्र में बैंक के बाहर हुई वारदात में 2 महिलाएं दिखाई दिखाई दी थी। जिनका भी आज तक कुछ पता नहीं चल पाया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com